ब्रीफ न्यूज

वैश्य समाज कैमूर के निर्विरोध अध्यक्ष बने सिंहासन जायसवाल,उपाध्यक्ष उत्तम चौरसिया

भभुआ (रासासं): नगर के निशा होल सेल बाजार के मीटिंग हाल में 51 सदस्यीय जिला वैश्य समाज कोर कमेटी की बैठक संचालन समिति के अध्यक्ष सिंहासन जायसवाल की अध्यक्षता एवं दिनेश गुप्ता के संचालन में हुई जिसमें सलाहकार समिति के सदस्य चंद्र प्रकाश आर्य,उमाशंकर जायसवाल,रंगी लाल साह ने सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष का चुनाव कराने का सलाह दिया।इसके बाद 51 सदस्यीय कोर कमेटी के सदस्य मुनेंद्र गुप्ता ने कोर कमेटी के संचालन हेतु पूर्व से गठित कमेटी को ही एक वर्ष के लिए विस्तार करने का प्रस्ताव लाया गया।जिसे सभी सदस्यों ने इस प्रस्ताव को ध्वनि करतल से सर्वसम्मति से पारित कर दिया।साथ ही यह भी निर्णय जिला गया कि अध्यक्ष सिंहासन जायसवाल के नेतृत्व में एक माह के अंदर प्रखंड पंचायत एवं गांव स्तर तक सशक्त कमेटी का गठन किया जाएगा।बतादे की जिले में वैश्य समाज के जिला में मुख्य रूप से दो संगठन चल रहे थे।2 मई 25 को दोनों संगठन को दोनों अध्यक्षों की सहमति से दोनो कमेटी को भंग कर दोनों कमेटियों को सम्मिलित कर एक कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया था।जिसको लेकर कई दौर का बैठक चलने के बाद आज सर्व सम्मति से एक वर्ष के लिए सिंहासन जायसवाल को अध्यक्ष एवं उत्तम चौरसिया को उपाध्यक्ष चुन लिया गया।बैठक में पूर्व कमेटी के दोनों अध्यक्ष त्रिवेणी साह एवं विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता,रमाकांत गुप्ता,मुन्ना गुप्ता,मुनेंद्र गुप्ता,सुग्रीव गुप्ता,रामप्रकाश साह,विंदा लाल गुप्ता,दशरथ साह,अनिल गुप्ता,राम ज्ञयानी केसरी,राजदेव गुप्ता,ओमप्रकाश गुप्ता,मनोज जायसवाल,गजेंद्र गुप्ता, भरथ गुप्ता,दिनेश गुप्ता,गजेंद्र गुप्ता,भरथ सोनी,डॉक्टर अशोक गुप्ता,विजय केशरी,कृष्णा जायसवाल,विजय चौरसिया,अनुराग केशरी,जैनेन्द्र आर्य ,पंकज गुप्ता,मुद्रिका जायसवाल,उमाशंकर जायसवाल,चंद्र प्रकाश आर्य रंगीलाल गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

बस की टक्कर से एक युवक की हुई मौत

दुर्गावती (रासासं): थाना क्षेत्र अंतर्गत कुल्हड़िया मोड के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर गुरुवार की देर रात बस की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई । घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दुर्गावती पुलिस के द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया गया। मृतक जयचंद कुमार उम्र 21 वर्ष पिता सरवन सिंह ग्राम कन्हौली पिपरिया म्हरो थाना मोहनिया जिला कैमूर का निवासी है।

फर्श पर सोया हुआ व्यक्ति जहरीला सांप के से हुई मौत

कैमूर (रासासं): जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के कन्हुआ गांव में फर्श पर सोया हुआ एक व्यक्ति को जहरीला सांप ने काट लिया जिसकी मौत हो गई। मृतक व्यक्ति की पहचान रामगढ़ थाना क्षेत्र के कन्हुआ गांव निवासी नागेश्वर राम के 23 वर्षीय पुत्र अमन कुमार बताया जाता है। सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि गुरुवार को घर के अंदर फर्श पर सोया हुआ था तभी सुबह के लगभग 4:00 बजे एक जहरीला सांप ने उसे काट लिया। परिजनों द्वारा इलाज के लिए उसे रामगढ़ अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए है सेंटर रेफर कर दिया। जहां एंबुलेंस के माध्यम से उसे वाराणसी के ट्रामा सेंटर ले गए जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहां से डेड बॉडी को परिजन घर वापस ले आया और फिर उसे यूपी के अमवा के सती माता के यहां झाड़ फूंक के लिए ले गए। वहां पर भी कोई सुधार नहीं हुआ। इसकी सूचना पुलिस को दी गई जहां पुलिस ने शुक्रवार को सुबह में शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जहां डेड बॉडी का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया है। आगे परिजनों ने बताया कि इस घटना के बाद एक सपेरा को बुलाया गया जिस घर में सांप काटा हुआ था उसी घर से एक नाग और एक नागिन सपेरा द्वारा निकाला गय। वहीं मृतक की पत्नी आरती देवी का 11 माह का पुत्र आदित्य कुमार है जहां लोगों ने कहा कि मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था जिसके चले जाने से घर में मातम पसरा हुआ है। वही परिजनों ने जिला प्रशासन से मुआवजा को लेकर मांग किया पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों घर के लिए वापस ले गए।

एडीजी के बयान से किसानों में आक्रोश

चांद (रासासं): बिहार में लगातार हत्या की खबर के बीच किसानों पर एडीजी के कृष्णन के द्वारा लगाए गए आरोप से किसानों में जबरदस्त गुस्सा है। किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर एवं भारतीय किसान यूनियन कैमूर ने एडीजी प्रमोद कृष्णन की निंदा करते हुए बिहार सरकार से बर्खास्त करने की मांग की है। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष विमलेश पांडेय किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर सह भाजपा किसान प्रकोष्ठ भभुआ ने कहा बिहार में लगातार हत्या होने से पुरा बिहार वासी भयाक्रांत है। ऐसे में अपनी नाकामी छिपाने के लिए पुलिस के वरीय पदाधिकारी के द्वारा किसान पर आरोप लगाना गलत है। उन्होंने ने कहा ऐसे एडीजी को बिहार सरकार को तुरंत पद से हटा देना चाहिए। बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में एक बयान में एडीजी के कृष्णन ने कहा था मई जून में किसानों को कोई काम नहीं होता है।आगे उन्होंने ने कहा इस समय से बिहार में हत्या अधिक होता है।

171 लीटर शराब के साथ एक कारोबारी को धर दबोचा

राजपुर (रासासं): राजपुर पुलिस ने देसी शराब के साथ एक कारोबारी को धर दबोचा । थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत मिश्रवलिया गांव से 171 लीटर देसी शराब के साथ हरेंद्र सिंह को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

पुलिस ने चिपकाया इस्तेहार

नासरीगंज (रासासं): कछवां पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगरांव गांव में चिपकाया इस्तेहार । थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगरांव निवासी रितेश दुबे, ह्रदयानंद दुबे,वरुण दुबे,प्रियंका दुबे एवं प्रभावती देवी के घर पर इस्तेहार चिपकाया गया । उन्होंने बताया कि बक्सर न्यायालय से इस्तेहार वारंट निर्गत था । मौके पर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान,पुलिस पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह सहित सशस्त्र बल मौजूद रहे ।

अंग्रेजी शराब के साथ किया गिरफ्तार

करगहर (रासासं): जिला रोहतास अंतर्गत करगहर थाने कि पुलिस इस समय शराब माफियाओं को चुन चुन कर ठिकाने लगा रही है। बसडीहा निवासी विमलेश कुमार पिता केश्वर राम को 9 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार कर ली है। इतना ही नहीं युवक शराब लेकर भाग रहा था पुलिस घर के पीछे दौड़ा कर शराब के साथ यूवक को गिरफ्तार की है जिसका उम्र 19 साल बताया गया है। पकड़े हुए युवक पर मध्य निषेध अधिनियम के तहत विधिवत प्राथमिकी दर्ज कर विधि सम्मत कार्रवाई करने हेतु न्यायालय भेजा गया। मामले की जानकारी करगहर प्रभारी थानाध्यक्ष ज्ञानदीप कुमार द्वारा प्राप्त हुआ है।

दिनारा पुलिस ने कांड के एक अभियुक्त को गिरफ्तार

दिनारा (रासासं): दिनारा पुलिस ने कांड के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसा निवासी अयोध्या सिंह के पुत्र राकेश कुमार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने घर से गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 469/24 के आलोक में मामला दर्ज था । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध लड़की के साथ छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज था । जो बाद में चलकर लड़की ने सुसाइड कर लिया था । उसी मामले में पुलिस ने राकेश कुमार को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया ।

रेल मंत्री से सासाराम में विभिन्न गाड़ी की ठहराव के लिए की मांग

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

सासाराम : भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप सोनी के द्वारा रेल मंत्री,भारत सरकार से सासाराम में विभिन्न गाड़ी की ठहराव के लिए की मांग की हैं। नगर अध्यक्ष संदीप सोनी के द्वारा फैक्स एवं ईमेल के द्वारा डीडीयू मण्डल के अंतर्गत पड़ने वाले ऐतिहासिक नगरी सासाराम जंक्शन जहाँ प्रतिवर्ष माँ शक्तिपीठ ताराचण्डी धाम एवं बाबा भोलेनाथ के धाम गुप्तेश्वर धाम के दर्शन करने लाखों श्रद्धालु सासाराम जंक्शन से आवागमन करते है जिसके कारण सासाराम जंक्शन से 2024-25 में रेलवे को राजस्व के हिसाब तीसरा स्थान पर रहा यह कि सासाराम जंक्शन मुगल साम्राज्य एवं हुमायूँ को दिल्ली और कन्नौज युद्ध में हराने वाले शेरशाह सूरी का भी जन्म स्थली के नाम से ऐतिहासिक है।

जहाँ आज भी शेरशाह सूरी का वृहद मकबरा का बिहार करने भारी संख्या में विदेशी पर्यटक आते है, इसलिए माननीय रेल मंत्री महोदय से करवद्ध आग्रह है कि सासाराम जंक्शन पर निम्न गाड़ियों का ठहराँव सुनिश्चित करने की कृपा करें। गाड़ी नं0 12313 सियालदह नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस,2. गाड़ी नं0 12314 नई दिल्ली सियालदह राजधानी एक्सप्रेस,3. गाड़ी नं0 12301 हावड़ा नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस,4. गाड़ी नं0 12302 नई दिल्ली हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस,5. गाड़ी नं0 53350 डेहरी ऑन सोन वरवाडीह पैसेंजर,6. गाड़ी नं0 53349 बरवाडीह डेहरी ऑन सोन पैसेंजर का सासाराम जंक्शन तक विस्तार किया जाए,7. गाड़ी नं0 13350 पटना सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस,8. गाड़ी नं0 13349 सिंगरौली पटना लिंक एक्सप्रेस को भाया आरा जंक्शन, बिक्रमगंज सासाराम जंक्शन, डेहरी ऑन सोन लाईन से परिचालन के लिए मांग करने वाले में जिलामंत्री,शिवनाथ चौधरी, जिला प्रवक्ता रजनीश वर्मा, संतोष कुमार, जिलाध्यक्ष भाजयुमो अभिषेक तिवारी,नगर महामंत्री सुरेन्द्र पांडेय कपिल देव चौधरी, मुकेश पाण्डेय, सुशील सोनी, बजरंगी कुमार, सोनू कुशवाहा, कौशल महतो, आदि लोगों ने किया हैं।

पंचायत भ्रष्टाचार मुक्त बनाना मेरा प्रथम लक्ष्य : संजय मल्होत्रा

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

भभुआ : प्रधानमंत्री आवास योजना में भारी पैमाने पर भ्रष्टाचार चल रहा है जिससे जनप्रतिनिधि होने के नाते जब मैं इसका विरोध किया तो अंजाम भुगतने को धमकी मिली उक्त बातें दुर्गावती प्रखंड के ग्राम पंचायत खजूरा के मुखिया संजय मल्होत्रा ने कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के साथ-साथ सुलभ शौचालय के नाम पर दो हजार रुपए वसूली किया जा रहा है जिससे जनप्रतिनिधि होने के नाते हम लोग बदनाम हो रहें हैं। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तर पर पुस्तकालय बनाने का मांग किया। उन्होंने बिहार के मुखिया नीतीश कुमार से प्रधानमंत्री आवास योजना, सुलभ शौचालय, वृद्धा पेंशन राशन कार्ड में बनाने के नाम पर अवैध वसूली पर रोक लगाई जाए जिससे जनप्रतिनिधि के जनता के बीच सम्मान मिल सकें। उन्होंने चुनाव आयोग से मतदाता सूची पुनरीक्षण में पारदर्शिता बरते का मांग किया है और कहा कि आप के हठ के कारण अनुसूचित जाति जनजाति अतिपिछड़ा पिछड़ा अतिपिछड़ा समुदायों के लोग मतदान से वंचित न हो।

जिला अधिवक्ता संघ कैमूर भभुआ के माहवारी कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

भभुआ : जिला अधिवक्ता संघ भभुआ कैमूर के पुस्तकालय भवन जून माह सन 2025 के आय व्यय मेडिकल पर चर्चा की गई जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष रविंद्र नाथ चौबे एवम संचालन महासचिव मंटू पाण्डेय ने किया। बैठक में महासचिव मंटू पाण्डेय ने चर्चा करते हुए कहा कि अधिवक्ताओं के विकास संबंधित बिंदुओं पर चर्चा किया गया जो अधिवक्ता इलाज हेतु आवेदन दिए थे उनका इलाज के लिए संघ से दो मेडिकल आवेदन पर बिचार करते हुए पास किया गया। भभुआ सिविल कोर्ट पुराना केंपस एवं अनुमंडल पदाधिकारी भभुआ का कैंपस परिसर जहां पर अधिवक्ता गण बैठते हैं वहां पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है नगर परिषद के द्वारा इस कैंपस का कूड़ा भी उठाव नहीं किया जाता है। बैठक में अधिवक्ताओं के बिगड़े पंखे को रिपेयर किया जा रहा है जहां जरूरत के हिसाब से नए पंख भी लगाया जा रहा है। बैठक में अध्यक्ष रवींद्रनाथ चौबे महासचिव मंटू पाण्डेय उपाध्यक्ष अनिल कुमार सदानंद पांडे दुर्गेश कुमार कोषाध्यक्ष अजीत कुमार संयुक्त सचिव निसार अंसारी सहायक सचिव प्रेमनाथ सीताराम यादव मनोज कुमार मिश्रा ऑडिटर शंभू कुमार संगीता कुमारी मनोनीत सदस्य आदित्य नारायण प्रसाद छद्रू राम आदित्य सिंह कार्यकारिणी सदस्य मुन्नन तिवारी विद्या कुमार पाण्डेय अतुल कुमार तिवारी थे।

मारपीट के मामले में नामजद प्राथमिकी दर्ज

अकोढी गोला (रासास) : दरिहट थाना क्षेत्र अंतर्गत बेरकप गांव में मारपीट के मामले में स्थानीय थाने में नाम जद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।बेरकप निवासी सुनील सिंह पिता स्वर्गीय मुखदेव सिंह ने लिखित आवेदन में बताया कि 17 तारीख की सुबह गांव में कुछ कार्य कर गुजर रहे थे इस दौरान रामाश्रय सिंह ,राजेश सिंह, रितेश सिंह, दुलारो देवी, राजेश सिंह, मीना देवी, रेशमा देवी, प्रीति देवी सभी बेरकप की रहने वाले ने लाठी डंडे से तथा तेज हथियार से मुझ पर हमला कर दिया इसी दौरान मेरे पुत्र बलजीत कुमार और अमरजीत कुमार की पत्नी उर्मिला देवी जब बाहर में आकर मुझे बचाने लगी तो उनको भी मारा गया, इस दौरान मुझे मारने के नियत से मुझ पर कई बार वार किए गए। किसी तरह से हम लोग जान बचाकर भागे। इन लोगों के द्वारा पहले भी हमारे साथ मारपीट की गई है जिनकी प्राथमिकी स्थानीय थाने में दर्ज है। अपनी सुरक्षा को लेकर के अनुमंडल दंडाधिकारी के पास हमने सनहा दर्ज करवाया है। पीड़ित सुनील सिंह ने स्थानीय थाने की पुलिस से कार्रवाई करने एवं न्याय को लेकर गुहार लगाई है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष कुमारी नेहा सिन्हा ने बताया आवेदन मिली है प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

अतिक्रमण से परेशान लोगों ने एसडीएम से की शिकायत मवेशियों से फैल रही गंदगी और बीमारी का खतरा

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

कैमूर : भभुआ शहर के वार्ड संख्या 2, आजाद नगर के दर्जनों पेरशान स्थानीय निवासियों ने अनुमंडल पदाधिकारी को एक संयुक्त आवेदन देकर क्षेत्र में फैलते अतिक्रमण, गंदगी और जानवरों के कारण हो रही परेशानियों से अवगत कराया है।लोगों ने आरोप लगाया है कि आजाद नगर वार्ड के निवासी रमेश यादव, उनके पुत्र राजन यादव, संदीप यादव और धर्मेंद्र यादव मिलकर करीब 50 से अधिक गाय और भैंस पालते हैं, जिन्हें खुले में सड़क किनारे और आम रास्तों पर बांधा जाता है। इसके कारण क्षेत्र में गंदगी का अंबार लगा रहता है और सड़क पर आने-जाने में भी आम लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पशुओं के गोबर और गंदगी से न केवल दुर्गंध फैलती है बल्कि मच्छर-मक्खियों और कीटाणुओं के बढ़ने से बीमारियों का खतरा भी लगातार बना रहता है। बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर इसका गंभीर असर पड़ रहा है। कई बार लोग रास्ते में फिसल कर चोटिल भी हो चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। आवेदनकताओं ने यह भी बताया कि इस मुद्दे को कई वर्षों से रमेश यादव और उनके परिवार के सामने उठाया गया, लेकिन समाधान के बजाय वे गाली-गलौज और झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। शिकायत करने वालों को डराया-धमकाया जाता है, जिससे आम लोग अब भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। स्थानीय वार्ड पार्षद प्रतिनिधि तनवीर आलम से भी कई बार शिकायत की गई, मगर अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ऐसे में मजबूर होकर लोगों ने अनुमंडल पदाधिकारी से इस गंभीर मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। लोगों ने मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि सड़क से मवेशियों को हटाया जा सके और लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

काव नदी में तीन बच्चे डूबने से हुई मौत

अकोढी गोला (रासास) : अकोढ़ी गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत बघाखोह टोला के समीप बृहस्पतिवार की देर शाम काव नदी में नहाने के क्रम में तीन बच्चे डूब गए जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय गोताखोरों की मदद से देर शाम शव को नदी से बाहर निकल गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि रामाश्रय यादव उर्फ पंजाबी सिंह यादव का 12 वर्षीय पुत्र विकास कुमार एवं 10 वर्षीय पुत्र शशि कुमार तथा उन्हीं के बगल के रहने वाले विनोद सिंह के 13 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार एक अन्य साथी के साथ काव नदी में नहाने गए थे परंतु गहरे पानी में जाने के कारण मौके पर ही तीनों बच्चों की मौत हो गई वही उनके साथ का एक अन्य लड़का जान बचाने में सफल रहा। घटना की खबर सुनते स्थानीय थाने की पुलिस तथा अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। वही दो बच्चों के मृतक के पिता रामेश्वर सिंह उर्फ पंजाबी सिंह ने अपने दोनों बच्चों के शव का पोस्टमार्टम करने से मना कर दिया। वही दूसरे लड़के मृतक कुंदन कुमार का पोस्टमार्टम करवाया गया। इस घटना के बाद परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है।

आहर में डूबने से 7 वर्षीय बालक की मौत

काराकाट (रासास) : काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मुंजी के डिहरा गांव में शुक्रवार को आहर में डूबने से एक 7 वर्षीय बालक की मौत हो गई । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि डिहरा गांव निवासी सोबेरात अंसारी के 7 वर्षीय नाती रमजान गांव के मुख्य मार्ग पर आहर के किनारे कुछ बच्चों के साथ खेल रहा था । उसी क्रम में रमजान का पैर आहर के किनारे वाले छोर पर पड़ते ही फिसल गया । जिससे वह 7 वर्षीय बालक आहर के गढ़े वाले भाग में चला गया । उक्त दौरान आसपास खेल रहे बच्चों के द्वारा घटना की जानकारी उसके परिजन व स्थानीय लोगों को दी गई । घटनास्थल पर पहुंच उसके परिजन एवं आसपास के लोगों ने आहर में खोजबीन करना शुरू कर दिए । खोजबीन की प्रक्रिया लगभग दो 2 घंटे तक चली ।

आभूषण दुकान में चोरी के मामले में पांच गिरफ्तार

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

बिक्रमगंज : शहर के सासाराम रोड में शिवम मार्केट में स्थित मनोज आभूषण कारिगरी दूकान में सोमवार की रात हुई चोरी के मामले में पुलिस ने पाँच चोरों को गिरफ्तार कर ली है। इन चोरों के पास से चोरी के आभूषण, नगदी बरामद की गई है, जबकि घटना में प्रयुक्त दो बाइक जब्त कर ली गई है। इस संबंध में एसपी रोहतास रौशन कुमार ने बताया कि बिक्रमगंज शहर के सासाराम रोड में शिवम मार्केट में स्थित मनोज आभूषण कारिगरी दुकान के शटर का ताला काटकर दूकान में रखा सोना-चाँदी का जेवर चोरी कर लिया गया था, जिसके संबंध में दूकान के मालिक के द्वारा यह काण्ड प्रतिवेदित कराया गया है। काण्ड की गंभीरता को देखते हुए चोरी गये सामानों की बरामदगी एवं काण्ड में संलिप्त अज्ञात अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बिक्रमगंज कुमार संजय के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। जिसमें थानाध्यक्ष बिक्रमगंज थाना, थानाध्यक्ष, नासरीगंज के अलावे तकनिकी सहायता के लिए जिला आसूचना इकाई की टीम को भी शामिल किया गया। गठित पुलिस टीम के द्वारा घटनास्थल एवं अगल-बगल में लगे सी०सी०टी०वी० फुटेज का गहन अवलोकन किया गया। जिससे इस घटना में शामिल पाँच व्यक्तियों की पहचान की गई। संदिग्ध पाँचों व्यक्तियों की गतिविधि का तकनिकी रूप से विश्लेषण करने के उपरांत शुक्रवार की सुबह में इस काण्ड में संदिग्ध शहर के गौसाई मोहल्ला निवासी रवि पासवान उर्फ रवि सरकार पिता रमेश पासवान को उसके घर से ही पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

सूर्यपुरा अंचल अधिकारी गोल्डी कुमारी के साथ लूटपाट और मारपीट

दरिगाव (रासासं): जिला रोहतास के सूर्यपुरा में अंचलाधिकारी गोल्डी कुमारी के साथ लूटपाट और मार पीट का मामला सामने आया है। पुलिस आई एक्शन में तीन को लिया हिरासत में। ज्ञात हो कि यह घटना सूर्यपुरा अंचलाधिकारी गोल्डी कुमारी के साथ उस समय घटित हुई जब दरिगाव थाना क्षेत्र के कैमूर पहाड़ी पर गुरुवार शाम को अपने दोस्तों के साथ शैर करने के गई थी । मनचले और अपराध की जगत में कदम रखने वाले युवकों ने अंचलाधिकारी के मोबाइल तक लूट लिए और मौके से फरार हो गए।घटना के बाद अंचलाधिकारी दरिगाव थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है।आरोपी की पहचान शुभम उर्फ संदीप बिंद पिता रामदेव बिंद दूसरा पवन कुमार पिता पुनवासी बिंद तीसरा जैकी गुप्ता पिता देवानंद शाह पुलिस इन तीनों आरोपी को उनके घर से गिरफ्तार किया है।

तालाब में डुबने से 10 वर्षीय बालक की हुई मौत

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

चांद : प्रखंड में सिलौटा गांव में बहुत ही मार्मिक घटना से पुरा गांव में मातम पसरा हुआ है। वृहस्पतिवार को सायं तालाब में डुबने से 10 वर्षीय रिंकु कुमार की मौत हो गई। संजय बिंद के पुत्र रिंकु कुमार का शव तालाब से बरामद किया गया।सायं तीन बजे से गायब पुत्र को सायं 6 बजे खोजा जाने लगा।हर जगह खोजने पर युवक नहीं मिला तो परिजनों को तालाब में डुबने की संभावना हुई। ग्रामीणों ने तालाब में बालक को खोजने लगे । कुछ समय के बाद बालक शव तालाब से बरामद किया गया।बालक की तालाब में दम घुटने से मौत हो गई थी।शव बाहर निकालते ही परिजनों में चित्कार मच गया। माता पिता का रो रोकर बुरा हाल था। बालक की अप्रत्याशित मौत पर ग्रामीणों में मातम फैल गया। साढ़े सात बजे परिजनों ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया । जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में भेज दिया।इस संबंध में अंचलाधिकारी सतीश कुमार गुप्ता ने कहा पानी में डुबने से हुई मौत।

डीएम ने जनता दरबार में 102 लोगों के समस्याओं का किया निवारण

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

सासाराम : शुक्रवार को जिला पदाधिकारी रोहतास उदिता सिंह द्वारा जिला जनता दरबार डीआरडीए, रोहतास के सभा कक्ष में आयोजन किया गया। जिसमें उप विकास आयुक्त रोहतास, अपर समाहर्ता-अपर जिला दंडाधिकारी रोहतास, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी, राजस्व शाखा, सामान्य एवं आपदा प्रबंधन, निदेशक डीआरडीए रोहतास, विशेष कार्य पदाधिकारी रोहतास एवं प्रभारी पदाधिकारी, लोक शिकायत अनुश्रवण कोषांग-सह-महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र रोहतास एवं जिला मुख्यालय स्थित सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं जिले के सभी अंचल अधिकारियों के द्वारा भाग लिया गया। उक्त जनता दरबार में लगभग कुल 102 (एक सौ दो) व्यक्ति उपस्थित हुये, जिन्हें विषयवार/विभागवार यथा - राजस्व, विकास एवं अन्य विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं / शिकायतों को अलग-अलग पंक्तियों में बैठाकर सभी आवेदकों से जिला पदाधिकारी, रोहतास के द्वारा जिला स्तरीय सभी पदाधिकारियों के साथ एक-एक करके सभी आवेदकों से साक्षात्कार करते हुये उनके फरियादों / समस्याओं को सुना गया तथा उनसे प्राप्त आवेदन पत्रों पर त्वरित निष्पादन करने हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक निदेशों के साथ तत्काल कार्रवाई करने हेतु हस्तगत करा दिया गया। लोक साक्षात्कार के समय ही शिकायत एवं समस्याओं के समीक्षोपरान्त ऐसे आवेदन पत्रों को जिसमें लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत सुनवाई के योग्य थे, वैसे आवेदको के शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई करते हुये नियमानुसार त्वरित निष्पादन करने का निदेश के साथ संबधित लोक शिकायत निवारण पदाधिकारियों यथा- सासाराम, बिक्रमगंज एवं डिहरी को जनता दरबार में ही हस्तगत करा दिया गया। सभी प्राप्त आवेदन पत्रों के निष्पादन कराये जाने हेतु ऑन लाईन कराया गया तथा संबंधित लोक शिकायत निवारण पदाधिकारियों के द्वारा पंजीयन की कार्रवाई भी प्रारम्भ करा दिया गया, ताकि आवेदनकताओं के द्वारा अपने आवेदन पत्रों पर किये गये कार्रवाईयों के बारे में अद्यतन जानकारी प्राप्त किया जा सके। इसके अतिरिक्त कुछ आवेदकों के आवेदन पत्रों यथा- बेबी पांड्ये, ग्राम- धरहरा, पो- बभनी, थाना- करगहर के द्वारा बिना बंटवारा के जमीन बेचने के संबंध में आपत्ति लगाने के संबंध में आवेदन दिया गया जिसे शीघ्र निष्पादन हेतु अंचलाधिकारी करगहर को निदेशित किया गया। ओम प्रकाश सिंह, पिता- गिरधारी सिंह, ग्राम - रायपुर चोर, अंचल - शिवसागर के द्वारा भूमि अधिग्रहरण के संबंध में उत्पन्न विवाद के संबंध में आवेदन दिया गया।

मालदा टाउन-गोमतीनगर-मालदा टाउन अमृत भारत एक्सप्रेस वारिसली गंज स्टेशन में ठहरेगी

यात्रियों की सुविधा के लिए, **13435/13436 मालदा टाउन - गोमतीनगर - मालदा टाउन अमृत भारत एक्सप्रेस** निम्नलिखित समय के अनुसार **वारिसली गंज** स्टेशन में अतिरिक्त ठहराव:

●**13435 मालदा टाउन - गोमतीनगर - मालदा टाउन अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** [(यात्रा शुरू दिनांक) 24/07/2025 से] : **वारिसली गंज में समय सूची** - आगमन 02.52 बजे, प्रस्थान 02.54 बजे। ●**13436 गोमतीनगर - मालदा टाउन अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** [(यात्रा शुरू दिनांक) 25/07/2025 से] : **वारिसली गंज में समय सूची** - आगमन 08.45 बजे, प्रस्थान 08.47 बजे।

मालदा टाउन - गोमतीनगर - मालदा टाउन अमृत भारत एक्सप्रेस के कुछ स्टेशनों पर संशोधित समय

13435/13436 मालदा टाउन - गोमतीनगर - मालदा टाउन अमृत भारत एक्सप्रेस के समय को निम्नलिखित स्टेशनों पर संशोधित किया जाएगा:

●**13435 मालदा टाउन - गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** [(यात्रा शुरू दिनांक) 24/07/2025 से] : **संशोधित समय सूची :** जौनपुर - आगमन 10.26 बजे, प्रस्थान 10.28 बजे, शाहगंज- आगमन 11.01 बजे, प्रस्थान 11.03 बजे, अयोध्या धाम जं.-आगमन 12.28 बजे, प्रस्थान 12.30 बजे, अयोध्या छावनी-आगमन 12.48 बजे, प्रस्थान 12.50 बजे। ● **13436 गोमतीनगर - मालदा टाउन अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** [(यात्रा शुरू दिनांक) 25/07/2025 से] : **संशोधित समय सूची :** जौनपुर - आगमन 22.56 बजे, प्रस्थान 22.58 बजे; शाहगंज - आगमन 22.21 बजे, प्रस्थान 22.23 बजे, अयोध्या धाम जं. - आगमन 20.51 बजे, प्रस्थान 20.53 बजे, अयोध्या छावनी - आगमन 20.31 बजे, प्रस्थान 20.33 बजे।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: 501, टैलकॉन ऑरेन, जसोला जिला केन्द्र, नई दिल्ली- 110025
सीआईएन: U65900DL2020PLC366027

नीलामी सूचना

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित उधारकताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा जारी व्यक्तिगत सूचनाओं सहित विभिन्न मांगों और सूचनाओं के बावजूद, उनके द्वारा बैंक से लिए गए स्वर्ण ऋण/ऋणों का समायोजन नहीं किया गया है। सभी उधारकताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक के पास जमानत के रूप में रखे गए स्वर्ण आभूषणों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है और तदनुसार, उस शाखा परिसर में, जहाँ से ऋण लिया गया था, सुबह 11:00 बजे नीलामी की तिथि निर्धारित की गई है। उधारकर्ता, खाताधारक और आम जनता सह